### एक नजर में

#### मुख्य महाप्रबंधक का राकेश शर्मा ने कार्यभार संभाला

**भोपाल.** राज्य प्रशासनिक सेवा के 2016 बैच के अधिकारी राकेश शर्मा ने मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) का कार्यभार सम्भाल लिया है. शर्मा ने बताया कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी एक उपभोक्ता उन्मुखी कपनी है. कंपनी के कार्मिकों की भूमिका को प्रभावी बनाने के लिए हर संभव प्रयास किये जाएंगे. उन्होंने कहा कि कार्मिकों के नियमानुसार हकों और प्रकरणों को समय-सीमा में हल किया जाएगा. कार्मिकों तथा कंपनी प्रबंधन के बीच औद्योगिक संबंध की स्वस्थ परंपरा का निर्वाह किया जाएगा.

#### शॉपिंग काम्प्लेक्स की दीवारों को तोड़ा

**भोपाल.** नगर निगम व जिला प्रशासन ने सोमवार को अतिक्रमण हटाने की संयुक्त कार्रवाई की. जिसकी शुरुआत नीलबड़ में डीपीएस स्कूल क्षेत्र में की गई. यहां पर निर्माणाधीन शॉपिंग काम्प्लेक्स में प्रथम तल पर अवैध रूप से चार दीवारों का निर्माण किया गया था. जिनको बुलडोजर के द्वारा तोड़ा गया. वहीं दूसरी कार्रवाई कोलार दशहरा मैदान के सामने की गई. जहां पर लोहे की चादरों से अवैध दीवार बनाई गई थी जिसे जेसीबी के माध्यम से तोड़ा गया. वहीं से टूटे हुए चादर, पाईप सहित चार ट्रक सामान जब्त किया.

## सीएम हेल्पलाइन पेंडेंसी को लेकर फटकार

**100 दिन तक पेंडेंसी में स्वास्थ्य विभाग अव्वल**

**कहां-कितनी लंबित फाइल**

- सबसे ज्यादा साढ़े चार हजार शिकायतें स्वास्थ्य विभाग में
- दूसरे नंबर पर पुलिस और तीसरे पर राजस्व विभाग
- नापतौल विभाग में मिली सबसे कम
- सबसे अधिक कोलार और हूजूर तहसील के मामले लंबित




**भोपाल, 16 फरवरी. राजधानी भोपाल में सोमवार को समय सीमा कार्य को लेकर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बैठक ली. बैठक में सभी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे. सभी अधिकारियों से विभाग में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण संबंधित जानकारी मांगी.**

सभी विभागों की शिकायतों में पैंडेंसी को लेकर कलेक्टर फटकार लगाई. उन्होंने कहा कि कोई भी अपने कार्य को लेकर गंभीर नहीं है. इन शिकायतों का सौ प्रतिशत निराकरण जल्द करें. अगली बैठक से पहले निराकरण नहीं किया गया तो पैंडेंसी वाले विभागों के दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. अपने कार्यों में सुधार करें.

**तीनों तहसील नामांतरण में पिछड़े**

जिले में तीन तहसील पांच नजूल हैं. इन आठों जगह पर एसडीएम सहित तहसीलदार और नायब तहसीलदार पदस्थ हैं. हूजूर में एक और दो नंबर तहसील सर्किल, कोलार में तहसीलदार, बैरसिया में तहसीलदार, बैरागढ़, गोविंदपुरा, टीटी नगर, एमपी नगर पर नामांतरण सहित अन्य सीएम हेल्पलाइन शिकायतें लंबित हैं.

**स्वास्थ्य विभाग में 4,560 मामले**

जिले में सीएम हेल्पालाइन की लंबित शिकायतों में प्रथम स्थान पर चार हजार पांच सौ साठ के साथ स्वास्थ्य विभाग है. वहीं दूसरे स्थान पर पुलिस, राजस्व, नगर निगम, शिक्षा, महिला बाल विकास, आदिवासी इन सभी विभागों सबसे अधिक है. वहीं सबसे कम लंबित शिकायतें नापतौल विभाग में जो कि लगभग दस हैं.

बैठक में जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी, एडीएम अंकुर मेश्राम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे.

## कलेक्ट्रेट में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 16 फरवरी. कलेक्टर कार्यालय में सोमवार को जिला सुरक्षा समिति की बैठक की गई. जिसमें लोक निर्माण विभाग व मप्र सड़क विकास प्राधिकरण के अधिकारी शामिल शामिल हुए.**

दोनों विभागों के अधिकारियों ने ब्लैक स्पॉट की जानकारी जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी व एडीएम अंकुर मेश्राम को दी.

बैठक में अधिकारियों ने कहा कि शहर में कुल 16 ब्लैक स्पॉट हैं. जिनमें एमपी नगर बोर्ड आफिस के पास एक शॉपिंग मॉल के सामने और समरधा का ब्लैक स्पॉट जरूरी निर्माण कार्य उपरांत खत्म हो गए हैं. शेष 14 पर सुरक्षा के उपाय किए गए हैं. इनमें से 3 ब्लैक स्पॉट को खत्म करने निविदा का कार्य पूर्ण हो चुका है, जो आगामी तीन महीनों पूर्ण हो जाएगा. इन स्थानों पर यातायात पुलिस की तैनात है, वहीं 37 लेफ्ट टर्न पर काम चल रहा है.

बैठक में आसाराम तिराहे से आनंद नगर तक होने वाली सड़क चौड़ीकरण के निर्माण के चले यातायात डायवर्ट का प्लान तैयार करें. बैठक में एसपी देहात रामसहाय प्रजापति, मप्र सड़क विकास प्राधिकरण के एजीएम आरएस कीर, राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग व यातायात पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे.

## आईएएस के फर्जी अकाउंट से ठगी का प्रयास

### ठग ने वर्कशॉप में पदस्थ सहायक यंत्री विजय गोयल को किया मैसेज

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 16 फरवरी. साइबर अपराधियों ने निगमायुक्त के नाम से फर्जी वाट्सएप खाता बनाकर ठगने का प्रयास किया गया. यह प्रयास निगम के वर्कशॉप में पदस्थ सहायक यंत्री को मैसेज भेजकर किया. जिसकी जानकारी मिलने पर सहायक यंत्री ने नंबर को ब्लॉक कर दिया.**



निगम आयुक्त संस्कृति जैन के नाम से सोमवार को पुन: किसी अज्ञात व्यक्ति ने 84 56 8481763 नंबर पर निगम आयुक्त की फोटो लगाकर फर्जी एकाउंट बनाया और सहायक यंत्री विजय गोयल को 3 मैसेज किए. मैसेज देखकर गोयल को शक हुआ और उन्होंने तत्काल उक्त फर्जी एकाउंट को ब्लॉक करते हुए निगम आयुक्त को अवगत कराया. निगम आयुक्त ने पुन: उपरोक्त घटना पर संज्ञान लेते हुए निगम आयुक्त की फोटोयुक्त डी.पी.लगाकर बनाए गए फर्जी एकाउंट पर किसी भी प्रकार की राशि की मांग को इग्नोर करने तथा तत्काल ऐसी घटना से निगम आयुक्त को अवगत कराने को कहा है. निगम आयुक्त की सोशल मीडिया पर पूर्व में माह नवम्बर 2025 में भी फर्जी एकाउंट बनाकर राशि मांगने की घटना हो चुकी है.

## 'पारदर्शी ' टैलेंट हंट कार्यक्रम से होगा प्रवक्ताओं का चयन

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल. जीतू पटवारी, अध्यक्ष मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी, ने सोमवार को पार्टी के प्रवक्ताओं एवं प्रमुख संचार प्रतिनिधियों के चयन के लिए एक महत्वाकांक्षी एवं पारदर्शी टैलेंट हंट कार्यक्रम की औपचारिक घोषणा की. यह घोषणा भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान की गई.**

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, मीडिया विभाग अध्यक्ष मुकेश नायक, उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, पूर्व मंत्री एवं विधायक जयवर्धन सिंह, विधायक महेश परमार, प्रशिक्षण प्रभारी महेंद्र जोशी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बोरासी सेतिया तथा विचार विभाग प्रमुख भूपेंद्र गुप्ता उपस्थित रहे.



पटवारी ने कहा कि बदलते राजनीतिक परिदृश्य में पार्टी को ऐसे ऊर्जावान, वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध और शोधपरक सोच रखने वाले साथियों की आवश्यकता है, जो कांग्रेस की विचारधारा को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुँचा सकें. उन्होंने स्पष्ट किया कि अभ्यर्थियों में वैचारिक स्पष्टता, समसामयिक विषयों पर गहन अध्ययन, प्रभावी संवाद कौशल, मीडिया प्रबंधन की समझ, तथ्यात्मक प्रस्तुति, संगठनात्मक अनुशासन और जनसरोकारों के प्रति संवेदनशीलता जैसे गुण होना आवश्यक है.

सिंघार ने इसे मुद्दा-आधारित सशक्त विपक्ष की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया, जबकि डॉ. नायक ने स्पष्ट किया कि केवल 20 प्रदेश प्रवक्ता, चयनित मीडिया पैनलिस्ट, प्रत्येक संभाग एवं जिले में दो-दो अधिकृत प्रवक्ता, दो राष्ट्रीय पैनलिस्ट तथा एक अंग्रेज़ी मीडिया पैनलिस्ट का चयन किया जाएगा. अंत में पटवारी ने कहा, कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि विचारों का आंदोलन है. यह टैलेंट हंट कार्यक्रम उस परिवर्तन की शुरुआत है, जहाँ अवसर सिफारिश से नहीं बल्कि योग्यता से मिलेगा.

## ओरल कैंसर के हर साल 12 .8% बढ़ रहे मामले

### दंत चिकित्सकों को तंबाकू निषेध और जीवन रक्षक तकनीकों का दिया प्रशिक्षण

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 16 फरवरी. प्रदेश में हर साल 12.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ मुख कैंसरग के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं. ऐसे में दंत चिकित्सकों की सक्रिय भागीदारी ही रोकथाम की दिशा में मददगार साबित हो सकती है. जिसके रोकथाम के लिए जीएमसी अस्पताल में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**



इस दौरान दंत शल्य चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनुज भार्गव ने कहा कि मुख कैंसर की शुरुआती पहचान और तंबाकू सेवन की रोकथाम ही दंत चिकित्सक में सबसे अहम भूमिका निभाते हैं. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जीएमसी में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ शासकीय दंत चिकित्सकों और नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया.

प्रशिक्षण में दंत चिकित्सकों को केवल उपचार तक सीमित न रहना पड़े, बल्कि लोगों को जनस्वास्थ्य अभियानों से सक्रिय रूप से जोड़ने का प्रयास किया गया. जिसमें प्रतिभागियों को बेसिक लाइफ सपोर्ट की व्यावहारिक जानकारी दी गई. मेडिको लीगल जिम्मेदारियों और आपात स्थितियों में आवश्यक प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया. विशेषज्ञों के अनुसार प्रशिक्षण के माध्यम से प्रदेश में मुख कैंसर नियंत्रण अभियान को नई गति मिलने की उम्मीद है.

#### ननि में जनगणना का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**भोपाल.** नगर निगम के आईएसबीटी कार्यालय पर सोमवार से जनगणना के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण का कार्य आरंभ हो गया है, जो मंगलवार तक जारी रहेगा. इस प्रशिक्षण में नगर निगम के सभी 23 जोनों के प्रभारी और उनके सहायक शामिल हुए. एक दिन पहले तक यह प्रशिक्षण कलेक्टर कार्यालय में होना था. फिर अचानक किन्हीं कारणवश स्थान बदल कर निगम मुख्यालय में किया गया.प्रशिक्षक जनगणना विभाग के नमित यादव और ऐन्सी रेजी ने दिया. बता दें कि 1 मई से जनगणना का कार्य शुरु होने जा रहा है जो जून माह में पूरा होगा.इससे पहले जनगणना का कार्य 2011 में किया गया था.

## सीयूईटी-पीजी 2026 की तिथियां घोषित

### वेबसाइट पर 10 दिन पहले एग्जाम डेट होगी जारी

**मप्र में मार्च में 14 शहरों के केंद्रों पर होगी परीक्षा**

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 16 फरवरी. प्रदेश में स्नातकोत्तर के कोर्स में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए एनटीए ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आयोजित होने वाली कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट पीजी की विषयवार परीक्षा की तिथियां जारी कर दी हैं.**

जिसके अनुसार परीक्षा देशभर में कंप्यूटर आधारित टेस्ट मोड में मार्च में आयोजित की जाएगी. जारी सार्वजनिक सूचना के अनुसार परीक्षा 6 से 27 मार्च तक आयोजित होगी, जो प्रतिदिन दो से तीन शिफ्ट में परीक्षा कराई जाएगी. बता दें प्रत्येक शिफ्ट की अवधि 90 मिनट निर्धारित की गई है. वहीं इस बार कुल 157 विषयों के लिए परीक्षा आयोजित की जा रही है. जिसमें देश भर में करीब 4 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया है. वहीं मध्यप्रदेश में इस बार कुल 14 शहरों के केंद्रों पर परीक्षा कराई जाएगी. अभ्यर्थी अधिकतम चार विषय के लिए आवेदन कर सकते हैं. प्रश्नपत्र का माध्यम हिंदी और अंग्रेजी दोनों में रहेगा. हालांकि एमटेक एवं उच्च विज्ञान विषयों की परीक्षा केवल अंग्रेजी में होगी. वहीं आचार्य वर्ग के प्रश्नपत्र संस्कृत में और भारतीय ज्ञान प्रणाली एवं बौद्ध दर्शन के प्रश्नपत्र त्रिभाषीय प्रारूप में होंगे. परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है. जबकि सिटी इंटीमेशन स्लिप परीक्षा तिथि से लगभग 10 दिन पूर्व आधिकारिक वेबसाइट पर जारी की जाएगी.




## अभिभाषकों ने की प्रोटेक्शन एक्ट की मांग

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, राजधानी में सोमवार को अभिभाषकों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया. जिसमें उन्होंने प्रोटेक्शन एक्ट की मांग की. साथ ही कलेक्टर कार्यालय के दरवाजे पर नारे बाजी कर प्रदर्शन किया.**

इस दौरान कलेक्टर और तहसील कार्यालय में प्रक्टिस करने वाले अभिभाषक शामिल रहे. अभिभाषकों ने बताया कि वर्ष 2012 से प्रदेश सरकार से प्रोटेक्शन एक्ट, बीमा सहित मांग की जा रही है और तत्कालीन मुख्यमंत्री ने आश्वासन भी दिया था. लेकिन अभी तक इनको लागू नहीं किया गया.

बता दें कि शिवपुरी जिले की करैरा तहसील में प्रक्टिस करने वाले अभिभाषक की हत्या हुई थी. जिसके बाद पूरे प्रदेश में अभिभाषकों की सुरक्षा के लिए एक्ट की मांग की जाने लगी.

#### कार्यमंत्रणा समिति की हुई बैठक

**भोपाल.** विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के सभापतित्व में सोमवार को विधानसभा में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक सपन्न हुई,जिसमें बजट सत्र,2026 के कामकाज के संबंध में विचार विमर्श हुआ.

बैठक में माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायकगण अजय बिश्नोई, हरिशंकर खटीक, राजेन्द्र भारती उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत सत्यदेव कटारे सहित प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा भी उपस्थित रहे.

## लगातार बढ़ रही महंगाई-बेरोजगारी : भटनागर

### प्रदेश व्यापी विरोध सप्ताह के अंतर्गत विरोध प्रदर्शन

**भोपाल, 16 फरवरी. सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया के द्वारा चेतक ब्रिज चौराहा पर प्रदेश में बिजली के निजीकरण को तेज करने वाले प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने, शासकीय अस्पतालों को पीपीपी मॉडल पर निजी मुनाफे के लिए सौंपने,अलग अलग नामों से बस्तियां उजाड़ने प्रदेश के 94 हजार सरकारी स्कूलों को बंद करन, पर्यावरण को नष्ट कर जल जंगल जमीन से आदिवासियों को बेदखल करने की साजिश के खिलाफ प्रदेश व्यापी विरोध सप्ताह के अंतर्गत विरोध प्रदर्शन किया गया.**




विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ़ इंडिया (कम्युनिस्ट) के जिला सचिव कामरेड मुदित भटनागर ने बताया कि एक के बाद एक आम जन जीवन पर हो रहे हमलों ने लोगों की परेशानियों को कई गुना बढ़ा दिया है. महंगाई-बेरोजगारी की मार लगातार बढ़ती जा रही है.

सरकार विकास के नाम पर बस्तियां उजाड़ रही हैं. भोपाल के अलग-अलग इलाकों में बस्तियों पर बुलडोजर चलाकर लोगों को बेघर किया जा रहा है. इंदौर के भागीरथपुरा में गंदा पानी पीने से 35 से ज्यादा लोगों की मौतें हो गई. इसके बावजूद शहरों में पानी की जांच के कोई इंतजाम नहीं है. भोपाल में पेयजल सप्लाई के पाइप नालियों से होकर गुजर रहे हैं. इन सबके बावजूद जनता सरकार का विरोध न करें इसके लिए सांप्रदायिक उन्माद को बढ़ावा दिया जा रहा है.

**नेशनल लोक अदालत** भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में 14 मार्च से होंगे आयोजन

## बिजली चोरी के प्रकरणों में किया जाएगा समझौता

**भोपाल, 16 फरवरी. मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में 14 मार्च 2026 (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अन्य अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा.**



कंपनी द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के लंबित प्रकरणों एवं विशेष न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के बनाए गए लंबित प्रकरण एवं अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी.

प्रि-लिटिगेशन स्तर पर: कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत?येक छ: माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी.

लिटिगेशन स्तर पर : कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छ:माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी.

कंपनी ने कहा है कि नेशनल लोक अदालत में छूट कुछ नियम एवं शर्तों के तहत दी जाएगी जो आकलित सिविल दायित्व राशि रु. 10,00,000 (दस लाख ) तक के प्रकरणों के लिए सीमित रहेगी. यह छूट मात्र नेशनल ''लोक अदालत'' 14 मार्च 2026 को समझौते करने के लिये ही लागू रहेगी.

#### हत्यारे ने की ट्रेन से कटकर आत्महत्या

**भोपाल.** गौतम नगर थाना क्षेत्र सोमवार को महिला की हत्या की गई. यह घटना शाम को 4 बजे की बताई जा रही है.

मृतक महिला की पहचान दुर्गा बाई कुशवाह उम्र लगभग 60 वर्ष के रूप में हुई है, जो अरिफ नगर में तक्षशिला कॉलेज के पास रहती थी. बताया जा रहा है कि हत्या करने वाले व्यक्ति ने भी बाद में ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली. उसकी उम्र लगभग 50 वर्ष बताई जा रही है. महिला की हत्या वाले स्थान पर मौके से पुलिस को एक चाकू बरामद हुआ है, जिससे हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है. जानकारी के अनुसार आरोपी इलाके का मूल निवासी नहीं था और उसे यहां शरण दी गई थी.

## कैफे में बदमाशों ने की तोड़फोड

**भोपाल. भोपाल में अपराधियों को पुलिस का कोई खौफ नहीं रहा है. प्रतिदिन मारपीट और लूट की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं.**

इसका उदाहरण सोमवार को एमपी नगर जोन 2 में 10 से 15 बदमाशों ने कैफे में तोड़ फोड़ की घटना घटित की. इसी दौरान एक युवक पिटाई के साथ ही पत्थर से सिर को फोड़ दिया. घटना का सीसीटीवी भी सामने आया है.

आरोपी कैपे से चंदा मांग कर अड़ीबाजी कर रहे थे. कैफे संचालक ने चंदा देने मना कर दिया.



बताया जाता है कि दो दिन पहले इसी कैफे के सामने बदमाशों का किसी से विवाद हुआ था. कैफे के लोगों ने उक्त घटना की जानकारी पुलिस को दी थी.

उसी शिकायत के चलते आज यह तोड़फोड़ की गई. कैफे की घटना की शिकायत एमपी नगर में की गई. पुलिस ने आरोपियों की तलाश की शुरु कर दी है.